राजस्थान में भाजपा के टिकट पर जीत गए चार पुजारी

जयपुर, 4 दिसंबर (भाषा)।

राजस्थान विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर चुनावी समर में उतरे चार पुजारी या महंत विधायक चुने गए हैं। पार्टी ने कांग्रेस द्वारा कथित तौर पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के मुद्दे को उठाते हुए हिंदुत्व के मुद्दे पर मतदाताओं को लुभाया था। राज्य के इतिहास में संभवतः पहली बार चार पुजारी या महंत एक साथ राज्य विधानसभा में नजर आएंगे। इनमें हवामहल से बालमुकुंद आचार्य, पोकरण से महंत प्रताप पुरी, सिरोही से ओटाराम देवासी और तिजारा से बाबा बालकनाथ शामिल हैं। देवासी पहले भी विधायक रह चुके हैं और वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली पिछली भाजपा सरकार में मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। अन्य तीनों विधायक विधानसभा में नए हैं।

अलवर से सांसद बाबा बालकनाथ तिजारा सीट से जीते हैं और अक्सर अपनी टिप्पणियों से विवादों में रहे हैं। हवामहल सीट से निर्वाचित बालमुकुंद आचार्य इलाके में मंदिरों के 'विध्वंस' के खिलाफ एक अभियान शुरू करने को लेकर चर्चा में आए थे। आचार्य का एक वीडियो सोमवार को सामने आया, जिसमें वह कथित तौर पर अपने निर्वाचन क्षेत्र के चांदी की टकसाल इलाके में सड़क किनारे 'नानवेज' भोजन बेचने वाली दुकानों को हटाने का निर्देश एक अधिकारी को फोन पर देते हुए नजर आ रहे हैं। इसमें वह कह रहे हैं कि क्या सड़क पर खुले में नानवेज बेच सकते हैं? हां या न में जवाब दें। क्या आप उनका समर्थन कर रहे हैं? वह कह रहे हैं, 'चांद की टकसाल इलाके में सड़क किनारे नानवेज बेचने वाली

राज्य के इतिहास में संभवतः पहली बार चार पुजारी या महंत एक साथ राज्य विधानसभा में आएंगे नजर।

बाबा बालकनाथ ने तिजारा सीट पर जीत दर्ज की है, जहां भाजपा 1951 से लेकर 2018 के बीच केवल एक बार जीती थी।

दुकानों को हटाएं। उनके लाइसेंस की जांच करें। मैं शाम को आपसे रिपोर्ट लूंगा। रिपोर्ट आप मुझे देंगे या मुझे लेने आपके पास आना होगा? उन्हें फोन पर यह कहते हुए सुना जा सकता है कि सड़कों के किनारे नानवेज बनाने वाले ठेले वाले तुरंत प्रभाव से नहीं दिखने चाहिए।

बालमुकुंद ने हवामहल निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के आरआर तिवारी को 914 वोटों के मामूली अंतर से हराया। इसी सीट पर मुसलिम मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान जयपुर में रोड शो किया था।

आचार्य ने अपने प्रचार अभियान के दौरान दावा किया था कि हवामहल क्षेत्र में कई मंदिरों को साजिश के तहत 'ध्वस्त' कर दिया गया था और लोगों को आश्वासन दिया था कि अगर भाजपा सत्ता में आई, तो इनका पुनर्निर्माण किया जाएगा। मुंडारा माता मंदिर के महंत ओटाराम देवासी वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली पिछली भाजपा सरकार में मंत्री थे। वह 2018 के चुनाव में हार गए। इस बार वह सिरोही से निर्वाचित हुए हैं। अन्य तीनों पुजारी विधानसभा में नए हैं।

चुनावी नतीजों से झूमा शेयर बाजार सूचकांक 1,384 अंक चढ़ा

मुंबई, 4 दिसंबर (भाषा)।

तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सूचकांक 1,384 अंकों की जबर्दस्त छलांग लगाते हुए नए स्तर पर बंद हुआ। इस तेजी के बीच एनएसई निफ्टी भी अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, भाजपा को मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिले स्पष्ट बहुमत से पिछले सप्ताह जीडीपी और अन्य महत्त्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के बेहतर रहने से बनी सकारात्मक धारणा और मजबूत हुई है। इसके अलावा कच्चे तेल का दाम 80 डालर प्रति बैरल के नीचे रहने से भी निवेशक धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक 1,383.93 अंक यानी 2.05 फीसद उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 68,865.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 68,918.22 अंक तक चला गया था। सूचकांक में 20 मई, 2022 के बाद एक दिन में आई यह सबसे बड़ी तेजी है।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 418.90 अंक यानी 2.07 अंक की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 20,686.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 लाभ में रहे। सूचकांक में शामिल कंपनियों में आइसीआइसीआइ बैंक और एसबीआइ में सबसे ज्यादा क्रमशः 4.68 फीसद और 3.99 फीसद की तेजी रही। लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। दूसरी तरफ, विप्रो और टाटा मोटर्स नुकसान में रहे। बाजार में चौतरफा तेजी के इस दौर में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 5.81 लाख करोड़ रुपए उछलकर 343.48 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत से दोनों मानक सूचकांक नए स्तर पर बंद हुए। बाजार में तेजी का कारण यह संकेत भी है कि अगले साल होने वाले आम चुनावों में देश में एक स्थिर सरकार बनेगी। नायर ने कहा कि एफआइआइ (विदेशी संस्थागत निवेशकों) के निवेश जारी रहने की उम्मीद में सभी क्षेत्रों में तेजी रही।

रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.36 प्रति डालर पर

रुपया सोमवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के सुधार से रुपया की धारणा प्रभावित हुई। वदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि दिन की शुरुआत में रुपए में तेजी रही थी। विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत पूंजी प्रवाह से भी भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डालर के मुकाबले रुपया 83.28 पर खुला। फिर 83.37 के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में 83.36 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.33 पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डालर की स्थिति को दर्शाने वाला डालर सूचकांक 0.06 फीसद की बढ़त के साथ 103.32 पर रहा।

बाजार पूंजीकरण 343.48 लाख करोड़ रुपए के उच्च स्तर पर

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सोमवार को अब तक के उच्चतम स्तर 343.48 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारतीय जनता पार्टी के तीन राज्यों के चुनावों में शानदार जीत के बाद बाजार में आई तेजी से बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। बाजार में उछाल के साथ निवेशकों की संपत्ति 5.81 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5.81 लाख करोड़ रुपए बढ़ कर 343.48 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो शुक्रवार को 337.67 करोड़ रुपए था। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बुधवार को पहली बार 4,000 अरब डालर के स्तर पर पहुंचा था।

कोच्चि मेट्रो के दूसरे चरण के निर्माण को 378.57 करोड़ जारी

तिरुवनंतपुरम, 4 दिसंबर (भाषा)।

केरल सरकार ने कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के निर्माण के लिए सोमवार को 378.57 करोड़ रुपए आवंटित किए। प्रदेश के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने एक बयान में कहा, 'आवंटित धनराशि जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से इन्फो पार्क से होते हुए कक्कानाड तक 11.8 किलोमीटर की नई 'पिंक लाइन' के निर्माण के लिए निर्धारित की गई है।' कोच्चि मेट्रो के दूसरे चरण में पिंक लाइन पर 11.2 किलोमीटर की लाइन और 11 स्टेशन हैं।

इस परियोजना को केरल सरकार ने जुलाई, 2018 में 2,310 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ मंजूरी दी थी। केएमआरएल के अनुसार, दूसरे चरण में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से कक्कानाड में इन्फोपार्क-2 तक एक रेल लाइन का निर्माण होना है।

एसइसीएल की जमुना खुली खदान की 88.07 फीसद भूमि बहाल

नई दिल्ली, 4 दिसंबर।

सरकार कोल इंडिया की इकाई एसइसीएल की जमुना खुली खदान परियोजना की 88.07 फीसद भूमि दोबारा हासिल करने में सफल रही है। सरकार ने पर्यावरण पर कोयला खनन का दुष्प्रभाव कम करने के लिए निरंतर पुनर्ग्रहण और वन लगाने की पहल के साथ पर्यावरणीय प्रबंधन की दिशा में भी कई कदम उठाए हैं।

कोयला मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, खनन बंद होने के बाद खदान को सावधानीपूर्वक बंद करने का काम शुरू किया गया। हाल ही में उपग्रह से मिले आंकड़ों के मुताबिक, खदान की 88.07 फीसद जमीन को सफलतापूर्वक बहाल कर लिया गया है। यह टिकाऊ कोयला खनन प्रक्रियाओं के प्रति मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कई प्रयासों से दोबारा हासिल की गई करीब 672 हेक्टेयर जमीन के एक बड़े हिस्से में जंगल लगाया गया है।

खबर कोना

राज्यसभा के उपाध्यक्षों का 'पैनल' पुनर्गठित

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (ब्यूरो)।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को उच्च सदन के उपाध्यक्षों के नए पैनल की घोषणा की। धनखड़ ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि उच्च सदन के उपाध्यक्षों के पैनल का पुनर्गठन किया गया है जो चार दिसंबर से प्रभावी हो गया। पुनर्गठित पैनल में कांग्रेस की फूलो देवी नेताम, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एस फान्गनान और दर्शना सिंह, मनोनीत सोनल मान सिंह, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, वाइआरएस कांग्रेस के वी विजयसाई रेड्डी, तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर राय और निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा शामिल हैं। इससे पहले सुबह उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर राज्यसभा ने अपने पूर्व सदस्यों ललित भाई मेहता, बसंती शर्मा, एमएस स्वामीनाथन, एमएस गिल और डीबी चंद्रे गौड़ा को श्रद्धांजलि दी। सभापति धनखड़ ने इन पूर्व सदस्यों का पिछले दिनों निधन हो जाने का जिक्र किया और सदस्यों ने दिवंगत पूर्व सदस्यों के सम्मान में कुछ क्षणों का मौन रखा।

स्पाटिफाई करीब 1,500 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

लंदन, 4 दिसंबर (एपी)।

गीत-संगीत की आनलाइन स्ट्रीमिंग सेवा देने वाली कंपनी स्पाटिफाई अपनी लागत कम करने और लाभ की स्थिति में पहुंचने के लिए दुनिया भर में लगभग 1,500 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। यह स्पाटिफाई में इस साल होने वाली तीसरी छंटनी होगी। इसके पहले जनवरी में करीब छह फीसद कर्मचारियों और जून में दो फीसद कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की गई थी। स्पाटिफाई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डेनियल इक ने सोमवार को कंपनी के ब्लाग पर 17 फीसद कर्मचारियों को हटाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नौकरियों में यह कटौती 'रणनीति' के तहत की जा रही है, जिसमें कम श्रमबल के साथ मुनाफे पर जोर दिया गया है। हालांकि, इक ने अपनी पोस्ट में हटाए जाने वाले कर्मचारियों की संख्या नहीं बताई।

नैनीताल : टेम्पो पलटने से दो पर्यटकों की मौत, 20 घायल

नैनीताल, 4 दिसंबर (भाषा)।

उत्तराखंड के नैनीताल में पर्यटकों को ले जा रहे एक टेम्पो ट्रैवलर के नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर पलट जाने से उसमें सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

हल्द्वानी सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि मृत पर्यटक आइटी सेवा कंपनी एचसीएल की 21 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे, जो दिल्ली एनसीआर से नैनीताल घूमने आए थे। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को कालाढूंगी से छह किमी दूर उस समय हुई, जब चालक ने दूसरे वाहन से आगे निकलने की कोशिश में कथित तौर पर टेम्पो से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि टेम्पो एक रेलिंग से टकरा कर सड़क पर पलट गया, जिससे दो महिलाओं- जया शाक्य (23) और सयोनी दुबे (28) की मौके पर ही मौत हो गई। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि पलटे हुए वाहन को बाद में बुलडोजर की मदद से सीधा किया गया और फंसे पर्यटकों को बचाया गया।

हिमाचल के शहरों में सर्वाधिक 33.9 फीसद बेरोजगारी

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (भाषा)।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 15 से 29 वर्ष के उम्र समूह के बीच हिमाचल प्रदेश शहरी इलाकों में 33.9 फीसद बेरोजगारी दर के साथ सबसे आगे रहा, जबकि 30.2 फीसद बेरोजगारी के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर रहा।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के जुलाई-सितंबर, 2023 तिमाही के लिए श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आंकड़ों से यह तथ्य सामने आया है। इससे यह भी पता चला है कि शहरी क्षेत्रों में 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर बीती तिमाही में हिमाचल प्रदेश में 49.2 फीसद के साथ सर्वाधिक रही, जबकि पुरुषों की बेरोजगारी दर 25.3 फीसद थी। राजस्थान के मामले में इस तिमाही में शहरों में महिलाओं में बेरोजगारी दर 39.4 फीसद थी, जबकि पुरुषों में यह 27.2 फीसद थी।

श्रम बल में बेरोजगार लोगों के फीसद के रूप में बेरोजगारी दर को परिभाषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर में भी शहरी इलाकों में इस आयु वर्ग में बेरोजगारी की उच्च दर 29.8 फीसद दर्ज की गई।

घायलों को नकदरहित इलाज की सुविधा देने की तैयारी

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (भाषा)।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को देशभर में कैशलेस इलाज की सुविधा अगले तीन-चार महीनों में शुरू करने की तैयारी में है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव अनुराग जैन ने सड़क परिवहन पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। इसे कम करने के लिए सरकार पीड़ितों को फौरन चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को मुफ्त व कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना संशोधित मोटर वाहन अधिनियम, 2019 का हिस्सा है। कुछ राज्यों ने इसे लागू किया है, लेकिन अब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर सड़क परिवहन मंत्रालय इसे देशभर में लागू करने जा रहा है।

सरकार ने डाक सेवाओं के निजीकरण के आरोपों को किया खारिज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 दिसंबर।

राज्यसभा ने सोमवार को डाकघरों से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के उद्देश्य से लाए गए एक अहम विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। डाकघर विधेयक, 2023 पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डाक सेवाओं के निजीकरण संबंधी विपक्षी सदस्यों की आशंकाओं को खारिज कर दिया।

मंत्री ने कहा कि यह सवाल ही नहीं उठता। डाक सेवाओं के निजीकरण का न तो विधेयक में कोई प्रावधान है न ही सरकार की ऐसी कोई मंशा है। उन्होंने बताया कि इस कानून के जरिए कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है और सुरक्षा संबंधी उपाय भी किए गए हैं। वैष्णव ने विधेयक में डाक सामान को संदेह के आधार

डाकघर विधेयक 2023 को राज्यसभा से मिली मंजूरी। वैष्णव ने विधेयक में डाक सामान को संदेह के आधार पर रोके जाने के प्रावधान के बारे में स्पष्ट किया कि इसे राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से रखा गया है।

पर रोके जाने के प्रावधान के बारे में स्पष्ट किया कि इसे राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से रखा गया है।

इससे प्रक्रियाएं पारदर्शी होंगी। सदस्यों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस विधेयक का मकसद डाक सेवाओं को विस्तार देना है। आज डाक सेवा बैंकिंग सेवाओं की तरह काम कर रही है। करीब 26 करोड़ खाते हैं और 17 लाख करोड़ रुपए जमा हैं। साधारण परिवारों के लिए पैसे बचाने का यह एक जरिया भी है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत तीन करोड़ खाते हैं और इनमें करीब 1.41 लाख करोड़ रुपए जमा हैं।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

PUBLIC ANNOUNCEMENT

innova CAPTAB

(Please scan the QR Code to view the DRHP)

INNOVA CAPTAB LIMITED

Our Company was incorporated in Mumbai, Maharashtra, as 'Harun Health Care Private Limited', a private limited company under the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation dated January 3, 2005, issued by the Registrar of Companies, Maharashtra at Mumbai (the **"RoC"**). Thereafter, pursuant to a resolution passed by our Shareholders in the extraordinary general meeting held on December 26, 2009, the name of our Company was changed from 'Harun Health Care Private Limited' to 'Innova Captab Private Limited', and consequently, a fresh certificate of incorporation dated February 2, 2010, was issued by the RoC to our Company. Subsequently, our Company was converted from a private limited company to a public limited company, pursuant to a resolution passed by our Shareholders in the extraordinary general meeting held on July 12, 2018, and consequently, the name of our Company was changed to our present name, 'Innova Captab Limited', and a fresh certificate of incorporation dated July 26, 2018, was issued by the RoC to our Company. For details of changes in the name and the registered office address of our Company, see *'History and Certain Corporate Matters'* on page 204 of the Draft Red Herring Prospectus (**"DRHP"**).

Corporate Identity Number: U24246MH2005PLC150371; **Website:** www.innovacaptab.com
Registered Office: Office No. 606, Ratan Galaxie – 6th Floor, Plot No. 1, J. N. Road, Mulund (W), Mumbai, Maharashtra 400 080, India; **Telephone:** +91 22 2564 2095
Corporate Office: Second Floor, SCO No. 301, Sector 9, Panchkula, Haryana 134 109, India
Contact Person: Neeharika Shukla, Company Secretary and Compliance Officer; **Telephone:** +91 172 4194500; **Email:** investors@innovacaptab.com

THE PROMOTERS OF OUR COMPANY ARE MANOJ KUMAR LOHARIWALA AND VINAY KUMAR LOHARIWALA

INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE) ("OFFER PRICE") AGGREGATING UP TO ₹ [•] MILLION ("OFFER"). THE OFFER COMPRISES OF A FRESH ISSUE OF UP TO [•] EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 4,000.00 MILLION ("FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 9,600,000 EQUITY SHARES ("OFFERED SHARES") AGGREGATING UP TO ₹ [•] MILLION, COMPRISING OF UP TO 3,200,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ [•] MILLION BY MANOJ KUMAR LOHARIWALA, UP TO 3,200,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ [•] MILLION BY VINAY KUMAR LOHARIWALA (TOGETHER WITH MANOJ KUMAR LOHARIWALA, THE "PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS") AND UP TO 3,200,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ [•] MILLION BY GIAN PARKASH AGGARWAL (THE "OTHER SELLING SHAREHOLDER", AND TOGETHER WITH THE PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS, THE "SELLING SHAREHOLDERS", AND SUCH OFFER FOR SALE OF EQUITY SHARES BY THE SELLING SHAREHOLDERS, THE "OFFER FOR SALE"). THE OFFER WILL CONSTITUTE [•]% OF THE POST-OFFER PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

PUBLIC ANNOUNCEMENT TO THE DRAFT RED HERRING PROSPECTUS DATED JUNE 28, 2022 (THE "DRHP"): NOTICE TO INVESTORS (THE "PUBLIC ANNOUNCEMENT")

Potential bidders may note the following:

The Company, in consultation with the BRLMs, has undertaken the Pre-IPO Placement of 669,642 Equity Shares at an issue price of ₹ 448.00 per Equity Share (including a premium of ₹ 438.00 per Equity Share) for an amount aggregating to ₹ 300.00 million, by way of a private placement in accordance with Section 42, 62 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Prospectus and Allotment of Securities) Rules, 2014 and Companies (Share Capital and Debentures) Rule, 2014, each as amended. The Pre-IPO Placement has been undertaken pursuant to the approval of the Board and Shareholders in their meeting held on December 01, 2023.

The Company has allotted Equity Shares in the Pre-IPO Placement pursuant to the resolution passed by the Board in its meeting held on December 03, 2023, in the manner as set forth below:

Date of allotment	Name of the allottee	Number of Equity Shares allotted	Face value per Equity Share (in ₹)	Issue price per Equity Share (in ₹)
December 03, 2023	360 One Special Opportunities Fund - Series 9	334,821	10.00	448.00
December 03, 2023	360 One Special Opportunities Fund - Series 10	334,821	10.00	448.00

The abovementioned allottee is not, in any manner, connected with our Company, our Promoters, members of our Promoter Group, our Directors, our Key Managerial Personnel, our Senior Management, our Subsidiaries, our Group Companies, or directors, key managerial personnel or senior management of our Subsidiaries, or directors, key managerial personnel or senior management of our Group Companies.

This advertisement is issued in accordance with SEBI's correspondence dated July 4, 2023.

BOOK RUNNING LEAD MANAGERS

ICICI Securities

ICICI Securities Limited
ICICI Venture House, Appasaheb Marathe Marg, Prabhadevi, Mumbai 400 025, Maharashtra, India
Telephone: + 91 22 6807 7100
Email: innova.ipo@icicisecurities.com
Investor grievance e-mail: customercare@icicisecurities.com
Website: www.icicisecurities.com
Contact Person: Ashik Joisar / Harsh Thakkar
SEBI Registration No.: INM000011179

JM FINANCIAL

JM Financial Limited
7th Floor, Cnergy, Appasaheb Marathe Marg, Prabhadevi, Mumbai 400 025 Maharashtra, India
Telephone: + 91 22 6630 3030
Email: innova.ipo@jmfl.com
Investor grievance email: grievance.ibd@jmfl.com
Website: www.jmfl.com
Contact Person: Prachee Dhuri
SEBI Registration No: INM000010361

REGISTRAR TO THE OFFER

KFINTECH

KFin Technologies Limited
Selenium, Tower B, Plot No – 31 and 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddi 500 032 Telangana, India
Telephone: + 91 40 6716 2222
Email: innovacaptab.ipo@kfintech.com
Investor grievance e-mail: einward.ris@kfintech.com
Website: www.kfintech.com
Contact person: M Murali Krishna
SEBI Registration No: INR000000221

All capitalized terms used and not specifically defined herein shall have the meaning ascribed to them in the DRHP.

For **INNOVA CAPTAB LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Neeharika Shukla
Company Secretary and Compliance Officer

Place : Mumbai
Date : December 04, 2023

INNOVA CAPTAB LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations to make an initial public issue of its Equity Shares and has filed the DRHP dated June 28, 2022 with SEBI on June 29, 2022 read with the addendum to the draft red herring prospectus dated September 12, 2023 (the **"Addendum"**). The DRHP is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com and is available on the websites of the BRLMs i.e. ICICI Securities Limited and JM Financial Limited at www.icicisecurities.com and www.jmfl.com, respectively. Any potential investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see *"Risk Factors"* on page 33 of the DRHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI for making any investment decision

The Equity Shares offered in the Offer have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act"), or any other applicable law of the United States and, unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and applicable state securities laws. This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States, and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the Securities Act or an exemption from such registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the issuer that will contain detailed information about the company and management, as well as financial statements. No public offering or sale of securities in the United States is contemplated.

CONCEPT